हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

11 ताड़का वध का हुआ मंचन, श्रद्धालुओं ने लगाए...



11 अनाज मंडी में 12,450 क्विंटल बाजरे की खरीद



खबर संक्षेप

आईटीआई में दाखिले की तिथि 15 तक बढ़ी

महेंद्रगढ़। हरियाणा राज्य में आईटीआई की चल रही दाखिला प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा का ऑन स्पॉट एडमिशन का शेड्यूल जारी है। अब हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण ने दाखिला लेने के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पोर्टल एक बार फिर खोल दिया है, सत्र 2026-2027 में दाखिला लेने के लिए आवेदन करने की तिथि को 15 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है इच्छुक अभ्यार्थी एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। संस्थान में रिक्त सीटों के प्रति 15 अक्टूबर तक संस्थान स्तर पर किया जाएगा और साथ ही नए आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दाखिला पोर्टल पर 15 अक्टूबर तक ही भरे जा सकते है। इस संबंध में जाटवास आईटीआई के निदेशक गोपाल शर्मा ने बताया कि यह दाखिला नए एवं पुराने आवेदन की सयुक्त मैरिट के आधार पर किया जाएगा। प्रार्थी जिस संस्थान में दाखिले के इच्छुक हैं वह संस्थान में दोपहर 12:30 बजे तक अपना मैरिट कार्ड जमा करवाएंगे।

शिविर में नगराधीश ने सुनीं जनसमस्याएं

नारनौल। स्थानीय लघु सचिवालय में सोमवार समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस अवसर पर नगराधीश डॉ मंगलसेन ने आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका प्राथमिकता के आधार पर निवारण करने के निर्देश दिए। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, संपत्ति पहचान पत्र, बिजली, पेयजल तथा पुलिस विभाग से संबंधित मामले पहुंचे। उन्होंने जानकारी दी कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला स्तर पर लघु सचिवालय तथा उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

यशदीप का आईआईटी खड़गपुर में चयन

नारनौल। गांव ढाणी फैजाबाद निवासी यशदीप पुत्र मुकेश कुमार ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी खड़गपुर पश्चिम बंगाल में अपनी कड़ी मेहनत से पीएचडी में दाखिले के लिए स्थान पाया है। यशदीप ने एलपीयू जालंधर से बीएससी हॉर्टिकल्चर कृषि विज्ञान तथा स्वामी केशवानंद विश्वविद्यालय बीकानेर, राजस्थान से एमबीए कृषि व्यवसाय किया है। नेट परीक्षा भी पास की है। यशदीप ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने आदर्श अध्यापकों तथा अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है।

15 को लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

महेंद्रगढ़। हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत 15 अक्टूबर को महेंद्रगढ़ की सरकारी प्राइमरी अनाज मंडी में स्वास्थ्य जांच शिविर होगा। स्वास्थय मंत्री आरती राव के निर्देश में नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ के प्रवर चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों की आंख, नाक, कान, गला और दांतों की जांच करेगी। शिविर के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार, ईएनटी सर्जन डॉ. जितेंद्र चौधरी और दंत सर्जन डॉ. स्वाति शर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। फार्मेसी अधिकारी अजय कक्कड़ को शिविर के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां और उपकरण उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

15 मोहल्लों के लोग झेल रहे अफसरों की लापरवाही की मार

पुरानी कचहरी का जलघर बदहाल : नई मोटर की आस में सूख रहा लोगों का गला

मरम्मत का 'ड्रामा' 40 मिनट में खाक, बार-बार फूंक रही मोटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एक तरफ जनस्वास्थ्य विभाग बार-बार जल रही मोटरों को बंधवाने पर पैसा खर्च कर रहा है, दूसरी तरफ नई मोटर खरीदने की फाइल मंजूरी के इंतजार में है। पुरानी कचहरी स्थित जलघर में सोमवार को मरम्मत करवाकर लगाई गई मोटर महज 40 मिनट चलने के बाद ही फिर जल गई। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब बार-बार मरम्मत के बावजूद मोटरें ठीक नहीं रही हैं, तो आखिर विभाग नई मोटर खरीदने में देरी क्यों कर रहा है? इस लापरवाही का खामियाजा शहर के 15 से 20 मोहल्लों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कई इलाकों में पिछले चार दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है और लोगों को पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं।



नारनौल। पुरानी कचहरी स्थित जलघर।

तीन मोटर, तीनों बेहाल

पुरानी कचहरी स्थित जलघर से शहर के अनेक मोहल्लों में पानी की सप्लाई की जाती है। यहां इसके लिए तीन मोटरें लगाई गई हैं, लेकिन तीनों की हालत खराब बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मोटरें अब तक सात-आठ बार जल चुकी हैं और बार-बार बंधवाकर चलाई जाती रही हैं। करीब दो से ढाई महीने पहले जली एक मोटर अब तक ठीक नहीं करवाई गई। इसके बाद चार-पांच दिन पहले दूसरी मोटर भी जल गई। सोमवार को एक मोटर की मरम्मत करवाकर लगाई गई, लेकिन वह केवल 40 मिनट चलने के बाद जवाब दे गई। नतीजा यह है कि मोटरों की मरम्मत पर खर्च के बावजूद जलघर की व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पा रही।

नवरात्र में भी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भरता

पेयजल संकट ऐसे समय में गहराया है, जब नवरात्र और त्योहारों का सीजन चल रहा है। घरों में सुबह पूजा-पाठ, स्नान, खाना बनाने और शौचालय जैसी जरूरी जरूरतों के लिए पानी चाहिए, लेकिन नलों में पानी नहीं आने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। मजबूरी में परिवारों को टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 25 के शिवाजी नगर, पानी की टंकी क्षेत्र, परस, मीराजी, पालतीयान, पुरानी सराय, नई सराय, जमालपुर, पुल बाजार की सिटी वाली गली और दशमेश नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति प्रभावित है। पार्षद अजय सिंघल के साथ बिल्लू कौशिक, महेश चंद, विक्रम अग्रवाल और अमरनाथ सोनी ने बताया कि चार दिनों से पानी की आपूर्ति बिल्कुल ठप है। उनका कहना है कि पहले भी जब पानी आता था, तब मरम्मत की गई मोटर का दबाव कम होने के कारण अंतिम घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता था।

बार-बार मरम्मत पर खर्च हो रहा पैसा

वार्ड पार्षद अजय सिंघल ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जितना पैसा बार-बार मोटरें बंधवाने पर खर्च किया जा रहा है, उतने में नई मोटर खरीदी जा सकती है। जब पुरानी मोटरें बार-बार जल रही हैं और मरम्मत के बाद भी काम नहीं कर पा रहीं, तो उन्हें दोबारा बंधवाने पर सरकारी धन खर्च करने का क्या औचित्य है।

नई मोटर की मंजूरी का इंतजार

पार्षद अजय सिंघल ने बताया कि उन्होंने इस समस्या से विभाग के जेई संजय और एसडीओ मुकेश शर्मा को अवगत कराया है। एसडीओ ने जानकारी दी है कि नई मोटर के लिए लिखा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद नई मोटर लगवाई जाएगी। अब सवाल यह है कि नई मोटर लगाने में और कितना समय लगेगा।

तड़के तीन बजे से लगी कतार, सुबह सात बजे से पहले जुट गए 200 किसान

11 दिन बाद आई डीएपी तो मची मारामारी पुलिस के पहरे में करना पड़ा वितरण

- किसानों की भीड़ के चलते बिगड़ने लगी व्यवस्था तो बुलानी पड़ी पुलिस, एक हजार में से 450 बैग ही बंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल





नारनौल। सवेरे सात बजे से पहले सोसायटी कार्यालय के बाहर बैठे महिला एवं पुरुष किसान। डीएपी खाद के लिए लगी किसानों की लंबी लाइनें। *फोटो: हरिभूमि*

डीएपी खाद के लिए किसानों की बेबसी और सरकारी व्यवस्था पर दबाव का नजारा सोमवार को रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी की सहकारी सोसायटी के कार्यालय पर देखने को मिला।

पूरे 11 दिन बाद खाद की खेप पहुंची तो इसे लेने के लिए किसानों में ऐसी मारामारी मची कि सुबह नौ बजे कार्यालय खुलने से पहले ही हालात संभालना मुश्किल हो गया। गेट खुलते ही किसानों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई तथा हालात एकदम खराब बनने लगे। इस पर पुलिस बुलानी पड़ी। क्योंकि कोई किसान रात के अंधेरे में तीन बजे घर से निकल पड़ा तो कोई चार बजे ही लाइन में आकर लग गया। सुबह सात बजे से पहले ही करीब 200 किसान दो कतारों में खड़े हो चुके थे। इनमें महिला किसान भी पीछे नहीं रहीं। भीड़ बढ़ी तो व्यवस्था बिगड़ने लगी और सुबह करीब दस बजे पुलिस बुलानी पड़ी। इसके बाद पुलिस के पहरे में डीएपी खाद का वितरण किया गया। खाद की किल्लत के बीच रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे इलाके में हल्की बरसात हुई थी। सरसों की बिजाई के लिए खेत तैयार कर रहे किसान इस नमी का लाभ उठाना चाहते थे, लेकिन डीएपी के बिना बिजाई की तैयारी अधूरी पड़ रही थी।

ऐसे में रविवार शाम सोसायटी कार्यालय पर खाद के करीब एक हजार बैग पहुंचने की सूचना ने किसानों की उम्मीदें बढ़ा दीं। सोमवार सुबह खाद लेने के लिए किसानों का हुजूम उमड़ पड़ा।

कार्यालय खुलने से घंटों पहले लग गई कतार

सोसायटी कार्यालय खुलने का समय सुबह नौ बजे है, लेकिन खाद लेने की होड़ में किसान कई घंटे पहले पहुंच गए। अंधेरे में शुरू हुई कतारें सुबह होते-होते लंबी हो गईं। दो लाइनों में खड़े किसानों में महिलाएं भी शामिल थीं। खाद लेने पहुंचे किसानों की संख्या इतनी बढ़ गई कि कार्यालय परिसर की व्यवस्था पर दबाव पड़ने लगा। स्थिति संभालने के लिए कृषि अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह स्टॉफ समेत मौके पर पहुंचे। उन्होंने टोकन व्यवस्था लागू करवाई, ताकि किसानों को अनावश्यक रूप से लाइन में खड़े रहकर परेशान न होना पड़े। सवेरे खाद वितरण के लिए कृषि विभाग के तीन कर्मचारी, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां कार्यालय का एक कर्मचारी तथा सोसायटी के मैनेजर सुनील चौधरी और कर्मचारी प्रदीप निर्मल व्यवस्था संभालने में जुटे रहे।

सरसों की बिजाई का समय आने से परेशानी

रबी सीजन में सरसों की बिजाई एक अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। किसान खेतों में समय पर बिजाई करना चाहते हैं, लेकिन डीएपी की कमी उनकी परेशानी बढ़ा रही है। खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को बार-बार सोसायटियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। पिछले सप्ताह खाद की किल्लत से परेशान किसान उपायुक्त से भी मिले थे और अपनी समस्या रखी थी। अब 11 दिन बाद आई खेप से कुछ किसानों को राहत मिली है, लेकिन सीमित आपूर्ति के कारण संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। सोमवार का नजारा यह सवाल भी छोड़ गया कि बिजाई के अहम समय में किसानों को खाद के लिए तड़के तीन-चार बजे से कतारों में क्यों लगना पड़ रहा है और वितरण के दौरान पुलिस बुलाने तक की नौबत क्यों आ रही है।



नारनौल। डिटेन कर सिटी थाने में बैठाए गए कांग्रेस एससी सेल के नेतागण।

दिल्ली जाने से पूर्व ही कांग्रेस एससी सेल के 5 नेता लिए गए हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के खिलाफ प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में भाग लेने दिल्ली जा रहे कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पांच नेताओं को नारनौल रेलवे स्टेशन से हिरासत में लेकर सिटी थाना में बैठा दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज नेताओं ने केंद्र सरकार पर मनमानी करने का आरोप लगाया। सभी नेताओं को सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे रिहा किया गया। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहे थे। इसके लिए वे सोमवार रात करीब दो बजे रेलवे स्टेशन पर चेतक सुपरफास्ट ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान 15 से 20 पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और प्रदेश महासचिव जसवंत भाटी, प्रदेश सचिव सरजीत नंबरदार, जिला अध्यक्ष तोताराम कोहली, जिला उपाध्यक्ष रामसिंह जोया और अमितराज महरमपुर को हिरासत में लिया। पुलिस उन्हें वहां से सिटी थाना लेकर गई और अंदर कमरे में बैठा दिया गया। करीब साढ़े दस घंटे तक थाने में रखे जाने के बाद रिहा हुए नेताओं ने कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई।

किसान संगठन जिलाध्यक्ष अजीत को नजरबंद करने पर रोष

मंडी अटेली। किसान संगठन (चढूनी) के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह सिहमा ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले तीन दिनों से लगातार प्रशासन के माध्यम से घर में नजरबंद किया हुआ है। वह दिल्ली में चल रहे धरने में अपने साथियों के साथ शामिल होने जाना चाहते थे, लेकिन सरकार के कथित दबाव के कारण उन्हें दिल्ली नहीं जाने दिया गया।

बाइक सवार की नहर में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

गांव खैरानी निवासी 22 वर्षीय युवक तेजपाल की हादसे में मौत हो गई। खैरानी निवासी तेजपाल रविवार शाम करीब आठ बजे किसी काम से महेंद्रगढ़ गया था। वहां से जब वह वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी भालखी व दौंगड़ा अहीर के पास जवाहरलाल नेहरू केनाल नहर की पुलिया के समीप उसका वाहन अनियंत्रित हो गया। जिस कारण वह सीधे पुलिया से टकराते हुए नहर में जा गिरा। सूचना मिलने पर पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तेजपाल को खोजने का प्रयास किया, लेकिन रात का अंधेरा व पानी का बहाव तेज होने के कारण नहीं मिल सका। नहर का पानी कम करवाने के बाद सोमवार सुबह होने पर तलाशी अभियान को



और तेज किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद 12 घंटे बाद युवक का शव नहर से बरामद किया गया। इस दुखद घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। शव मिलने के बाद दौंगड़ा अहीर पुलिस चौकी कर्मचारियासें ने उसे एंबुलेंस के माध्यम से उप-नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। कागजी कार्रवाई व पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया गया।

कनीना पैक्स अध्यक्ष पद पर छितरोली की कलावती देवी निर्विरोध नियुक्त

कनीना। पैक्स के अध्यक्ष पद का चुनाव सोमवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव के आरओ निरीक्षक अजय कुमार व पैक्स प्रबंधक कृष्ण कुमार के सानिध्य में चुनाव प्रक्रिया के दौरान समिति के सभी नौ निवेशकों ने एकजुटता दिखाते हुए छितरोली निवासी महिला प्रत्याशी कलावती देवी के नाम पर अध्यक्ष पद अपनी सहमति व्यक्त की तथा उदय सिंह को उपाध्यक्ष पद पर चयनित किया। सभी निवेशकों दलीप सिंह, कांता देवी, महेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, जगदीश, जसवंत सिंह व धर्मेंद्र कुमार के एकमत समर्थन के चलते उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। कलावती देवी के अध्यक्ष बनते ही समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर इस जीत का जश्न मनाया।

यादव सभा में प्रशासनिक मिलीभगत और राजनीतिक दबाव का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था यादव सभा इन दिनों अपने आंतरिक चुनावों और पारदर्शी प्रबंधन के बजाय गहरे प्रशासनिक भ्रष्टाचार, राजनीतिक दखलअंदाजी और संदिग्ध मिलीभगत के चलते गंभीर विवादों के केंद्र में है। गवर्निंग बॉडी का कार्यकाल समाप्त हुए लंबा समय बीत चुका है लेकिन जिला रजिस्ट्रार और राज्य रजिस्ट्रार कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। राज्य स्तर पर संस्था के चुनावों पर पूरी तरह रोक लगाई हुई है। वहीं बार-बार नियमों को ताक पर रखकर विवादित एड-हॉक कमेटियों को अवैध रूप से बैक-डेट से सेवा विस्तार दिए जा रहे हैं। इस बात कहते हुए यादव सभा के सदस्यों प्रदीप बालरोडिया, देवेंद्र, राजकुमार, मनोज, हरिसिंह आदि ने मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों को एक शिकायत पत्र भेजा है।

प्रशासकीय शून्यता का उठा रहे लाभ

उन्होंने शिकायत पत्र में कहा कि यादव सभा की अंतिम वैध गवर्निंग बॉडी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद संस्था में प्रशासकीय शून्यता का फायदा उठाते हुए कुछ खास लोगों को लाभ देने का खेल शुरू हुआ। पूर्व में जारी आदेशों में यह स्पष्ट शर्त दर्ज की गई थी कि इसके बाद एड-हॉक कमेटी को आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद राजनीतिक संरक्षण और सांठगांठ के चलते अधिकारियों ने इन नियमों को कुचल दिया और पिछली तिथियों से अवैध सेवा विस्तार के आदेश जारी कर दिए।



मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

महेंद्रगढ़। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन से संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने सोमवार को जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग मंडल कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला चेयरमैन विनोद कुमार और मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने किया। प्रांतीय मुख्य सलाहकार महेंद्र यादव ने कहा कि उनकी मांग है कि सभी कर्मचारियों की सैलरी सात तारीख से उनके खाते में डाल दी जाए, एचकेआरएन के कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी दिलाई जाए, कर्मचारियों को बकाया सेल, साबुन दिया जाए, कर्मचारियों के रैन कोट डांगरी व जूते की पेमेंट की जाए, टर्म के कर्मचारियों के कटे हुए इसीआई व पीएफ के पैसे उनके खाते ने डलवाया जाए, सैंक्शन पर लगे कर्मचारियों का 12 महीने का बकाया वेतन दिलाया जाए, कर्मचारियों का बकाया वेतन दिलाया जाए और उनका पीएफ के खाते खुलवाए जाए सहित अनेक मांग है। मौके पर पूर्व जिला संगठनकर्ता राजबीर, ब्रांच चेयरमैन रमेश बेरी, मुख्य सलाहकार सत्यवीर, मुख्यसंगठनकर्ता करण सिंह, सचिव कुलदीप, कैशियर यशपाल, उपप्रधान सुनील पाली, प्रेस प्रवक्ता नरवीर, उपप्रधान रामकुमार, सुक्रमपाल, अजित, पवन, अजय, नरेंद्र, संदीप आदि मौजूद रहे।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य भारती सैनी रहीं मुख्य अतिथि

'जल महल' पर डाक विभाग ने जारी किया आवरण

- प्रधान डाकघर में आयोजित हुआ गरिमामय विमोचन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। जल महल पर विशेष आवरण का विमोचन करती भारती सैनी व अन्य।

भारतीय डाक विभाग (भिवानी-नारनौल मंडल) की ओर से नारनौल के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर 'जल महल' पर एक विशेष आवरण एवं विशेष विरूपण का भव्य विमोचन समारोह प्रधान डाकघर परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य भारती सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता सुपरिटेंडेंट पोस्ट ऑफिस (भिवानी मंडल) राजेश मान ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक अधीक्षक डाकघर जयसिंह सैनी के स्वागत भाषण से हुआ, जिन्होंने पधारे हुए सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि भारती सैनी ने कहा कि नारनौल की ऐतिहासिक धरा का इतिहास अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने डाक विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जल महल पर विशेष आवरण जारी करके विभाग ने नारनौल के इतिहास को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजने का कार्य किया है। इसके साथ ही उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाली डाक योजनाओं, विशेषकर 'सुकन्या समृद्धि योजना' की प्रशंसा की, जो बेटियों के सुरक्षित भविष्य और महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डाकघर अधीक्षक राजेश मान ने डाक विभाग की फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) गतिविधियों और ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

संपूर्ण कार्यक्रम में एक मजबूत कड़ी के रूप में पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर हिम्मत सिंह ने मंच संचालन एवं व्यवस्था का जिम्मा बखूबी संभाला। कार्यक्रम के समापन पर हिम्मत सिंह ने पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विभागाध्यक्षों एवं सभी आगंतुकों का सहृदय धन्यवाद किया। इस मौके पर महेंद्रगढ़ उपमंडल निरीक्षक आदित्य यादव, पोस्टमास्टर ब्रह्मप्रकाश यादव, असिस्टेंट पोस्टमास्टर राजेश कोकचा, डिप्टी पोस्टमास्टर राजवीर, अभिषेक चंदेल, पवन यादव, संदीप, सतीश, अशोक कुमार, संगीता, मंडलीय कार्यालय का स्टाफ, शाखा डाकघरों से आए कर्मचारी, पोस्टमैन एवं अन्य डाककर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

रोहतक, मंगलवार
13 अक्टूबर 2026

10

हरिभूमि

नवरात्र विशेष

सहेली



मांगें मन की शक्ति संग जीवन संवारने का आशीष

आत्मशक्ति के आह्वान का, चेतना को जाग्रत करने का पर्व नवरात्र आरंभ हो चुका है। इन दिनों का भव्य, दिव्य परिवेश न केवल हमें मां शक्तिस्वरूपा का सान्निध्य पाने का अवसर देता है, अपने जीवन को नई ऊर्जा से भरने के लिए भी प्रेरित करता है। आइए इन नवरात्रों में हम सब मां भगवती से आत्मशक्ति के जागरण के साथ अपने जीवन को संवारने का भी आशीष मांगें। ताकि घर-परिवार से लेकर समाज में सकारात्मकता का संचार हो।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दो दिन से हर ओर मां आदिशक्ति के जयकारे गूंज रहे हैं। मातृशक्ति के समक्ष पूरा समाज नतमस्तक है। बहुत से घरों में घट स्थापना के बाद नियमित पूजन-अर्चन हो रहा है। कहीं गरबा का उल्लास तो कहीं किसी एक कोने में भक्तिभाव से मां की प्रार्थना में रत मन। शक्ति को साधने का उत्सव कहे जाने वाले नवरात्र पर्व की छटा आम जीवन में ही नहीं, आत्मा में भी उतरती है। हर कोई अपनी ऊर्जा का समर्पण कर मां दुर्गा से यह आह्वान करता दिखता है कि शक्ति स्वरूपा नई शक्ति और सोच का संचार करें। घर-परिवार ही नहीं, समग्र संसार में सुख-शांति बनी रहे। मां का आशीर्वाद जिंदगी को सही दिशा में गतिमान रखे। भगवती का आशीष, सोच-समझ में सकारात्मकता के रंग भर दे। असल में बच्चे हों या बड़े, ऊर्जा और अनुभूतियों का यही भाव जीवन से जोड़ता है। समझना जरूरी है कि इस सहजता और सकारात्मकता के साथ ही मां दुर्गा की आराधना ममता, क्षमा, स्वाभिमान और न्याय का भाव भी लिए है। तभी तो उपासना के ये नौ दिन, परंपरागत रंगों के साथ ही मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का सुंदर अवसर भी हैं। शक्ति स्वरूपा भगवती, जीवन के हर पहलू को संवारने का विचार जगाने वाली हैं। हर बुराई का प्रतिकार करने की हिम्मत देने वाली हैं। स्त्रियों के मन-जीवन से ऐसे भाव गहराई से जुड़े होते हैं। महाशक्ति देवी भगवती की उपासना कर, हर स्त्री अपने सामर्थ्य को पहचानने का आशीष मांगे। अपने जीवन के रण में स्वयं शक्ति स्वरूपा बनें।



मन की शक्ति को समझिए

नवरात्र का महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए अपनी ही असीम शक्तियों से हमारा परिचय पाने का समय होता है। ये नौ दिन मन-जीवन को नया-सा कर जाते हैं। ऐसे में मां का आह्वान कर हर स्त्री जीवन की परिस्थितियों से जूझने का साहस और संबल जुटा सकती है। मां अंबे की साधना करते हुए उनके शक्तिस्वरूपा और जाग्रत रूप को अपने भीतर सहेजते हुए बेहतरी की ओर बढ़ने का प्रण ले सकती हैं। मन और मस्तिष्क के लिए नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती हैं। उम्र के हर मोड़ पर महिलाएं कई मोर्चों पर एक साथ जूझती हैं। आर्थिक संकट से लेकर अपनों की संभाल-देखभाल तक, फिक्र के फेर में फंसी रहती हैं। भारतीय परिवेश में तो महिलाएं हौसले और हिम्मत से हर संकट का सामना करते हुए आगे बढ़ी हैं और बढ़ रही हैं। माना भी जाता है कि स्त्री हर संकट से जूझने का हौसला जुटा ही लेती है। यह अवसर इस शक्ति को और निखारने का अवसर होता है, क्योंकि नारी की प्रखरता और शक्ति सामर्थ्य का नाम ही मां दुर्गा है। नौ दिनों का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व हर स्त्री को समझाता है कि प्रकृति ने उसे सहज-सरल ही नहीं बनाया, जरूरत पड़ने पर हर मुसीबत से लड़ जाने का माद्दा भी दिया है। मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को सहेजने और मुसीबतों के आगे मोर्चा संभालने की शक्ति का आह्वान करना ही तो है। इन नौ दिनों में मां का वंदन करते हुए अपने भीतर की इस शक्ति को पहचानने का प्रयास भी हर स्त्री अवश्य करे।

सजग-जागरूक बनिए

मां दुर्गा का रूप भारतीय स्त्री के आत्मविश्वास से दमकते मुखमंडल का प्रतीक है। मातृ-शक्ति के रूप में पोषक और चेतनामयी रूप में सजगता और जागरूकता का प्रतिबिंब। स्त्री जीवन में हर मोर्चे पर सजगता और जागरूकता अहम है। असल में देखा जाए, तो महिलाओं में जिंदगी के हर पहलू को लेकर चेतना संपन्न सोच होनी ही चाहिए। अधिकारों के लिए जागरूकता और सुरक्षित जीवन के लिए सजगता आवश्यक है। भारत ही नहीं, संसार के हर हिस्से में सशक्त बनने और बने रहने की एक जरूरी शर्त जागरूक और सजग रहना ही है। हर जगह नियम-कानूनों की जानकारी रखना ही, तो सुरक्षा और सम्मान के हालात बनाता है। इतना ही नहीं जिंदगी से जुड़ी दूसरी रूढ़ियों को लेकर मुखरता और संकीर्ण विचारों का विरोध करने का धरातल भी सही जानकारी ही बनाती है। आप गृहिणी हों या काम-काजी, हर महिला के लिए किसी सार्थक और सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने या अपने जीवन को बेहतर बनाने का पहला पड़ाव जागरूक रहना ही है। नवरात्र में मां दुर्गा से भी अपनी चेतना को पोषित करने का आशीष मांगा जाता है। शक्ति उपासना के इस पर्व पर हर स्त्री अपने अंतर्मन की शक्ति को साधने और जागरूक रहने का बल जुटाए। एक चेतना से संपन्न स्त्री ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक



सरोकारों के प्रति जागरूक हो सकती है। समाज में फैली कुप्रथाओं के विरुद्ध लड़ने का संबल जुटा सकती है। यह अपने सामर्थ्य को पहचानने की दिशा में सबसे पहला कदम है।

साथ-स्नेह के मायने समझिए

आदि शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र, महिलाओं के मन और जीवन में झलकती नई ऊर्जा, नई चेतना को भी प्रतिबिंबित करता है। इस चेतनामयी बल के दम पर स्त्रियां आत्मविश्वासी और मुखर बनकर ना केवल हर मुसीबत से जूझ सकती हैं बल्कि औरों का सहारा भी बन सकती हैं। स्वयं मां दुर्गा ने भी कई बार देवताओं के कष्ट हरे हैं। शक्ति पूजा के बाद श्रीराम को जीत का आशीष भी आदिशक्ति ने ही दिया था। स्त्रियां भी साझी सोच के साथ हर संकट का मुकाबला कर सकती हैं। एक दूजे का संबल बन सकती हैं। इसीलिए किसी की पीड़ा भी बांटें और संबल भी दें। परेशानी के दौर में किसी का साथ दें और कामयाबी के समय सराहना भी करें। अपने सपनों को पूरा करने के हौसले के साथ ही दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का मानस भी जरूरी है। अपनी नेतृत्व क्षमता और योग्यता पर भरोसा रखते हुए आगे बढ़ती जाएं। सशक्त होने का अर्थ यही है कि हम खुद को मजबूती से थामते हुए दूसरों को कुछ देना भी सीखें। स्त्री मां के रूप में मात्र जीवन नहीं देती है, अपने बच्चों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर समाज को जिम्मेदार नागरिक भी देती है। वो स्वयं को कभी कम ना आंके। शक्ति के उपार्जन का यह पर्व मातृ-शक्ति की उपासना को सर्वोच्च दर्जा देता है। यूं भी भारतीय संस्कृति में मातृ-शक्ति को प्राणशक्ति माना गया है और उसका स्थान सबसे ऊपर है। इसीलिए इस पर्व पर हर महिला खुद सृजन शक्ति के सही अर्थ को समझे। अपने उस सामर्थ्य को पहचाने, जो उसे प्रकृति ने दिया है। स्त्रियां इसी सामर्थ्य के बल पर साथ-संबल का परिवेश बना सकती हैं। ईर्ष्या, स्पर्धा और असुरक्षा की भावना से दूर अपनी और दूसरी स्त्रियों की बेहतरी के लिए प्रयास करने का आशीष मांगना ही सही मायने में मां शक्ति के वंदन करने का भाव है।

पर्व एक बहुत बड़ा अवसर होते हैं, अपनी संस्कृति-परंपरा से जुड़ने का। बच्चों को नवरात्र से जुड़े विधि-विधान बताएं और उन्हें अपनी परंपरा-संस्कृति से जोड़ें। इसके लिए आप कुछ बातों पर ध्यान दें।

नवरात्र में बच्चों को जोड़ें अपनी संस्कृति-परंपरा से

बच्चे और आप

निकिता चौहान



नवरात्र आरंभ चुके हैं। लोग बड़ी आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा-पाठ में व्यस्त हैं। भजन-कीर्तन चल रहे हैं। जगह-जगह माता की चौकी सजी हुई है। वहीं दूसरी तरफ गरबा-डांडिया भी आरंभ हो रहे हैं। बड़े-छोटे सभी इस उत्सवी माहौल में उमंगित हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि पर्व बच्चों को अपनी संस्कृति-परंपराओं से जोड़ने का एक अच्छा अवसर होते हैं। बच्चे सिर्फ पूजा के समय साथ बैठाने से अपनी संस्कृति-परंपराओं से परिचित नहीं हो सकते। उन्हें पूजा की तैयारी, भजन, प्रसाद और नवरात्र से जुड़ी अन्य गतिविधियों में सम्मिलित करना जरूरी है। इससे वे त्योहार का मतलब सही ढंग से समझेंगे, खुशी के साथ नवरात्र पर्व का हिस्सा बनेंगे।

पूजा की तैयारी में दें छोटी जिम्मेदारियां: बच्चों को नवरात्र पूजा की तैयारी में अवश्य शामिल करें। छोटे बच्चे, फूल सजाने और पूजा की थाली लगाने में मदद कर सकते हैं। बड़े बच्चे रंगोली बना सकते हैं या पूजा की जगह सजाने में सहायता कर सकते हैं। इससे उनके भीतर मां दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति के भाव जागेंगे।



नौ दिन-नौ कहानियां: बच्चों को हर दिन मां के एक स्वरूप की कहानी अवश्य सुनाएं। कहानी के साथ उससे मिलने वाली सीख भी बताएं, जैसे किसी दिन माता के साहस की बात करें, तो किसी दिन दया-करुणा और धैर्य की। इस तरह बच्चे मां की कथाओं से प्रेरणा लेंगे।

बच्चों के सवालों का जवाब दें: बच्चे बहुत ही जिज्ञासु होते हैं। वे पूछते हैं कि नवरात्र नौ दिन क्यों मनाई जाती है? कन्या पूजन क्यों होता है? मां के अलग-अलग स्वरूप क्यों हैं? बच्चों के सवालों को कभी टालें नहीं। उन्हें आसान भाषा में जवाब दें। जब बच्चों को किसी परंपरा की वजह समझ आती है, तो वे उसे आसानी से अपना पाते हैं।

प्रसाद बनाने में मदद लें: नवरात्र पूजन का प्रसाद और फलाहार बनाते समय बच्चों को भी साथ रखें। वे फल काटने, मेवा रखने या प्रसाद की प्लेट लगाने में मदद कर सकते हैं। इस दौरान उन्हें यह भी बताएं कि नवरात्र में अलग-अलग जगहों पर कौन-कौन से पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

गरबा-डांडिया में हो बच्चों की भागीदारी: बच्चों को नवरात्र की पूजा और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही गरबा और डांडिया के बारे में भी बताएं। उन्हें इन कार्यक्रमों में ले जाएं, इनका हिस्सा बनाएं। इससे वे गरबा और डांडिया की संस्कृति का महत्व समझेंगे।

कन्या पूजन का मतलब बताएं: अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन के दौरान बच्चों को जरूर साथ में रखें। कन्याओं के स्वागत, भोजन और प्रसाद की तैयारी में उनकी मदद लें। उन्हें समझाएं कि कन्याओं का सम्मान जरूरी है। सम्मान सिर्फ त्योहार के दिन नहीं, बल्कि साल के प्रत्येक दिन होना चाहिए।

बच्चों को दें उनकी पसंद का काम: बच्चों को पूजा और परंपराओं से जोड़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें उनकी नापसंद का काम ना सौंपे, उन्हें उनकी पसंद के काम में शामिल करें। किसी को सजावट करना पसंद है, तो उसे सजावट करने दें और प्रसाद बांटना पसंद है, तो उसे यह जिम्मेदारी दें।

बड़े प्रयास की जरूरत नहीं: बच्चों को परंपराओं से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। उन्हें बस त्योहार का हिस्सा बनाना है। जब बच्चे पूजा की थाली सजाएंगे, दादी-नानी से कहानी सुनेंगे, परिवार के साथ गरबा करेंगे और प्रसाद बांटेंगे, तो नवरात्र उनके लिए परिवार के साथ बिताया एक यादगार समय बन जाएगा। वे अपनी परंपरा-संस्कृति से जुड़ेंगे।

डाइट सजेशन

डॉ. आस्था शर्मा
सीनियर डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं नौ दिनों का व्रत रखती हैं। लेकिन व्रत पूरे करने के बाद डाइट में अचानक बदलाव करने से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है। ऐसे में धीर-धीरे नॉर्मल डाइट में वापसी करनी चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

व्रत के बाद न बरतें लापरवाही ऐसे करें नॉर्मल डाइट में वापसी



नवरात्र व्रत के दौरान कई महिलाएं नौ दिनों तक फलाहार या सीमित आहार का पालन करती हैं। इन दिनों आप भी ऐसा कर रही होंगी। लेकिन व्रत खत्म होने के बाद अचानक भारी, तला-भुना और ज्यादा मीठा खाना शुरू कर देना, शरीर के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे गैस, पेट फूलना, कब्ज, एसिडिटी, थकान और ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में व्रत के बाद शरीर को किसी 'क्रैश डिटॉक्स' की नहीं, बल्कि संतुलित और धीरे-धीरे सामान्य डाइट में लौटने की जरूरत होती है। व्रत के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के नाम पर जूस डाइट, केवल फल खाने या लंबे समय तक खाना छोड़ने की जरूरत नहीं है। व्रत के बाद सबसे जरूरी है कि हम शरीर को पर्याप्त पानी, प्रोटीन, फाइबर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स दें और सामान्य डाइट में धीरे-धीरे वापस आएं।

व्रत के बाद डाइट प्लानिंग: व्रत खोलने के तुरंत बाद बहुत ज्यादा खाना खाने से बचें। शुरुआत हल्के और आसानी से पचने वाले भोजन से करें। खिचड़ी, दही, चावल, मूंग दाल, सब्जियां, सूप या हल्का घर का बना भोजन बेहतर विकल्प हो सकते हैं। अगले कुछ दिनों में सामान्य संतुलित डाइट को धीरे-धीरे अपने रूटीन में शामिल किया जा सकता है।



लें प्रोटीन रिच डाइट: अगर व्रत के दौरान प्रोटीन का सेवन कम रहा है, तो व्रत के बाद इसकी भरपाई करना जरूरी है। डाइट में दाल, पनीर, दही, दूध, सोया, चना और अन्य प्रोटीन स्रोत शामिल करें। पर्याप्त प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को बनाए रखने और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।

पानी और फाइबर बढ़ाएं: व्रत के दौरान पानी और फाइबर का सेवन कम होने से कब्ज और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और धीरे-धीरे सलाद, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालों को डाइट में शामिल करें। फाइबर अचानक बहुत ज्यादा बढ़ाने के बजाय इसकी मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाना बेहतर है।

इन फूड्स से बनाएं दूरी: व्रत खत्म होते ही मिठाइयां, तली-भुनी चीजें, नमकीन, प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा मसालेदार भोजन और शुगर युक्त ड्रिंक्स का अधिक सेवन न करें। लंबे समय तक कम कैलोरी लेने के बाद अचानक बहुत ज्यादा कैलोरी लेने से पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

सबसे इफेक्टिव है बैलेंस डाइट: व्रत के दौरान कम खाने और व्रत खत्म होने के बाद ज्यादा खाने, दोनों से बचना चाहिए। अपनी मील प्लेट में प्रोटीन, सब्जियां, साबुत अनाज और स्वस्थ वसा का संतुलन रखें। शरीर को सामान्य रुटीन में लौटने के लिए जल्दबाजी न करें। यदि लगातार कमजोरी, चक्कर, उल्टी, गंभीर पेट की समस्या हो या फिर ब्लड शुगर कंट्रोल में नहीं रहता हो, तो डॉक्टर या डायटीशियन की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

डिटॉक्स के लिए क्या करें: डिटॉक्स के लिए महंगे डिटॉक्स ड्रिंक्स या सप्लीमेंट्स जरूरी नही हैं। पर्याप्त पानी, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और रोजाना शारीरिक गतिविधि ही शरीर को रिकवर करने के लिए पर्याप्त आधार देती है। व्रत के बाद रोजाना 20-30 मिनट की हल्की वॉक से शुरुआत की जा सकती है। यदि आप नियमित व्यायाम करती हैं, तो धीरे-धीरे अपनी सामान्य एक्सरसाइज रुटीन में लौट सकती हैं।

प्रस्तुतिः निशि

मेकअप

निधि गोयल

ऐसे करें मेकअप-मेंटेन रहेगा ग्लो

नवरात्र में गरबा नाइट में घंटों डांस और मस्ती के बीच आपका लुक भी परफेक्ट रहना चाहिए। लेकिन पसीने की वजह से मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मेकअप करते समय सही प्रोडक्ट्स अप्लाई करें और कुछ आसान स्टेप्स को भी फॉलो करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आप पूरी रात फ्रेश और खूबसूरत नजर आएंगी।



सबसे पहले मॉयश्चराइजर: सबसे पहले त्वचा को साफ करना जरूरी है। इसके लिए माइल्ड फेस वॉश के जरिए चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें। फिर चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा पर नमी बनी रहेगी, साथ ही मेकअप ज्यादा ड्राय नजर नहीं आएगा। साथ ही मेकअप बेहतर तरीके से हो पाएगा। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं, खासकर माथे, नाक और ठुड्डी के आसपास। ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर विकल्प हो सकता है।

ज्यादा हैवी बेस लगाने से बचें: अगर आप चाहती हैं कि गरबा करते हुए आपको मेकअप अट्रैक्टिव नजर आए, तो बहुत ज्यादा मेकअप करने से बचें। गरबा में घंटों डांस करना हो, तो चेहरे पर फाउंडेशन की मोटी परत लगाने से बचें। हल्का और लॉन्ग-वेयर बेस चुनें और जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं। ज्यादा प्रोडक्ट लगाने पर पसीने के साथ पैची नजर आ सकता है।



वॉटरप्रूफ आई मेकअप: पसीने से आपका मेकअप मेल्ट न हो, इसके लिए आंखों पर वाटरप्रूफ आई मेकअप करें। इससे आपका मेकअप जल्दी से खराब नहीं होगा। बेहतर होगा कि आप वाटरप्रूफ काजल, आईलाइनर और मस्कारा चुनें।

टी-जोन को करें हल्का सेट: मेकअप के बाद ट्रांसलूसेंट या सेटिंग पावडर से खासतौर पर टी-जोन को हल्का सेट करें। इससे एक्सट्रा ऑयल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा पावडर लगाने से चेहरा केकी दिख सकता है। इसलिए बहुत ज्यादा पावडर लगाने से बचें।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिक: पसीना आने पर लिपस्टिक भी होंठों पर लंबे समय तक स्टे नहीं कर पाता है, तो ऐसे में जरूरी है कि बार-बार लिपस्टिक के टचअप से बचने के लिए मैट या ट्रांसफर-रेजिस्टेंट लिक्विड लिपस्टिक चुनें। लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें और लिप लाइनर का इस्तेमाल करें।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डेकोरेशन

रजनी अरोड़ा

घर की सजावट हो अलग-आकर्षक

नवरात्र शुरू हो चुके हैं। आप इन दिनों अपने घर को कुछ अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हम आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आप अपने घर को आकर्षक अंदाज में डेकोरेट कर सकती हैं।







नवरात्र और आने वाले त्योहारों के लिए आप अपने घर को अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हर बार वही पुरानी झालरें लगाने के बजाय इस बार घर थोड़ा क्रिएटिव तरीके से सजाइए। थोड़ी-सी मेहनत और कुछ खूबसूरत आइडियाज से घर का कोना-कोना त्योहारों की चमक से जगमगा उठेगा।

नौ रंगों के दुपट्टों से सजाएं दीवार: नवरात्र के नौ रंगों को घर की सजावट में शामिल करना इस बार कुछ अलग और खूबसूरत आइडिया हो सकता है। स्ट्रिंग लाइट्स की जगह नौ अलग-अलग रंगों के दुपट्टे या रंगीन कपड़े दीवार, दरवाजे या पूजा स्थल के पीछे लगाएं। इन्हें अलग-अलग ऊंचाई पर सजाने से दीवार को आकर्षक लुक मिलेगा। यह सजावट गरबा नाइट की तस्वीरों के लिए सुंदर बैकड्रॉप का काम भी करेगी।

गेंदे और आम के पत्तों का तोरण: त्योहारों में फूलों और पत्तों से बनी सजावट हमेशा खास लगती है। घर के मुख्य दरवाजे पर गेंदे के ताजे फूलों और आम के पत्तों से बना तोरण लगाएं। चाहें तो इसमें छोटे शीशे, मोती या रंगीन धागे भी जोड़ सकती हैं। इससे घर के प्रवेश द्वार पर पारंपरिक रंग और फूलों की खुशबू दोनों नजर आएंगे।

रंगोली बने आकर्षण का केंद्र: रंगोली को सिर्फ दरवाजे के पास छोटी-सी सजावट तक सीमित न रखें। इस बार इसे थोड़ा बड़ा बनाकर घर की सजावट का मुख्य आकर्षण बनाएं। रंगीन चावल, फूलों की पंखुड़ियां और दीयों की मदद से ज्यामितीय या फूलों वाले डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हर दिन रंगोली का डिजाइन बदलने से सजावट में नयापन बना रहेगा।

मिट्टी के दीयों से रोशन करें घर: नवरात्र की सजावट में मिट्टी के दीयों की खूबसूरती अलग ही नजर आती है। पूजा स्थल, खिड़की, बालकनी या सीढ़ियों पर दीयों की कतार सजाएं। अलग-अलग आकार के दीयों को फूलों की पंखुड़ियों से सजी ट्रे में भी रखा जा सकता है। शाम के समय दीयों की हल्की रोशनी घर को आध्यात्मिक माहौल देती है।

बंधानी-शीशे वाले लटकन: अगर आप बिना ज्यादा खर्च के घर को रंगीन लुक देना चाहती हैं, तो बंधानी कपड़े और शीशे वाले राजस्थानी लटकन इस्तेमाल कर सकती हैं। इन्हें मुख्य दीवार या पूजा स्थल के पीछे सजाएं। दिन की रोशनी पड़ने पर छोटे शीशे चमकेंगे और कमरे में खूबसूरत सी-झिलमिलाहट नजर आएगी। रंग-बिरंगे लटकन भी नवरात्र के माहौल के साथ खूब मैच करते हैं।

सजाएं फूलों की मालाएं: इस बार सिर्फ एक लंबी माला लगाने के बजाय अलग-अलग फूलों की कई मालाओं से सजावट करें। गेंदे, गुलाब, गुलदाउदी जैसे फूलों की मालाओं को दरवाजे, खिड़की, पूजा स्थल या मंदिर के आसपास लगाया जा सकता है। हर दिन अलग रंग के फूलों का चुनाव करें। इससे सजावट में रोज थोड़ा बदलाव भी नजर आएगा और घर में फूलों की खुशबू भी बनी रहेगी।

श्री आदर्श रामलीला कमेटी के कलाकारों के अभिनय ने बांधा समा

जगह-जगह हो रही रामलीला में उमड़ रहा आस्था का सैलाब, वातावरण बना भक्तिमय

ताड़का वध का हुआ मंचन, श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे



महेंद्रगढ़। लीला के दौरान मंचन करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्री आदर्श रामलीला कमेटी के शक्तिपीठ रंगमंच पर बीती रात ताड़का वध की लीला का मंचन हुआ। कार्यक्रम में शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष बाला देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन की उपप्रधान सुनीता सिंह एडवोकेट ने अध्यक्षता की। गीता देवी और राजबाला यादव विशिष्ट अतिथि रहीं। कमेटी ने सभी का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। मंचन में भगवान राम-लक्ष्मण द्वारा ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए ताड़का वध की लीला दिखाई गई, जिसने धर्म की रक्षा और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। मारीच-सुबाहु के आतंक, विश्वामित्र की खंडित यज्ञशाला और दशरथ दरबार में राम-लक्ष्मण को मांगने के दृश्यों ने दर्शकों को बांधे रखा। वहीं ताड़का का विशालकाय पुतला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा ताड़का वध के बाद उसका दहन किया गया घने जंगल का सन्नाटा, डरावनी धुनें और ताड़का की दहाड़ ने भयावह माहौल बना दिया।

शिव धनुष टूटते ही क्रोधित हुए परशुराम



मंडी अटेली। अटेली मंडी के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के छठे दिन सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से दर्शकों को धार्मिक प्रसंग से रूबरू करवाया। इस दौरान रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, अरुण मास्टर राजपुरा, प्रवीण चौधरी, कुलदीप बजाड़ और रवि जांगिड़ नारनौल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की गई। रामलीला में राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत किया गया। स्वयंवर में विभिन्न राज्यों से आए राजा-महाराजा भगवान शिव के दिव्य धनुष को उठाने और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने में असफल रहे। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष टूट गया। शिव धनुष टूटने की सूचना मिलने पर भगवान परशुराम क्रोधित होकर स्वयंवर स्थल पर पहुंचे। यहां भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखे संवाद हुए।

मंथरा-कैकेयी संवाद ने किया भावुक हुए लोग



नारनौल। चांदुवाड़ा में श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे 77वें रामलीला महोत्सव में रविवार रात मंथरा-कैकेयी संवाद का जीवंत मंचन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामलीला का आनंद लिया और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। निर्देशक डॉ. मनोज वर्मा के निर्देशन में कलाकारों ने प्रभावी अभिनय किया। दीपक हरित ने भगवान राम और मंथरा के दोहरे किरदार में शानदार अभिनय कर खूब तालियां बटोरीं। विकास चौहान ने सीता, मनमोहन सोनी ने दशरथ, रोहित वालिया ने कैकेयी, सत्यम वर्मा ने वशिष्ठ, तरुण सोनी ने ढिंढोरची और बादल ने नारद की भूमिका निभाई। इस मौके पर ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग, सचिव दीपक हरित, कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज, रामलीला प्रधान नरेन्द्र जैन व रामभक्त मौजूद रहे। 13 अक्तूबर को दशरथ देह त्याग और भरत मिलाप का मार्मिक मंचन किया जाएगा।

पांचवें दिन कोप भवन की लीला का मंचन



नारनौल। शहर की अनाज मंडी स्थित श्री कृष्णा ड्रॉमेटिक क्लब के रंग मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से आयोजित की जा रही रामलीला मंचन के पांचवें दिन कोप भवन-भाग एक, मंथरा कैकेई संवाद की लीला का मंचन किया गया। मंच संचालक भारत भूषण तायल, रतनलाल भास्कर ने किया। रामलीला कमेटी संरक्षक वेदप्रकाश सैनी ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ राजेश चौधरी पुत्र बजरंग लाल चौधरी समाजसेवी व उनकी पत्नी, अरुण चौधरी ने गणेश पूजन कर किया। प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि जगदीश बिल्ला ने मंथरा का अभिनय, राम का नवीन सिंघल, सीता का विवेक शर्मा, मंथरा-जगदीश, कैकेई- अभिषेक सोनी, सखी-सतीश बेदी, डिंडोरची-वासुदेव सिंघल, मनोज निर्मल, हितेश वर्मा, दयानंद सैनी, नारद का अभिनय पार्थ कंछल ने किया। इस मौके दीपक सेन, नरेश तायल, जोगिंद्र शर्मा, ध्रुव वर्मा, दीपक कोहली, कनिष्क कोहली, धर्मवीर, होशियार, देवीलाल, मास्टर रतनलाल, हरप्रसाद मास्टर, सीताराम, विजय जैन, प्रेमचंद गुलाटी, दीपक सैनी, गौरव सिंघल, सत्यनारायण भगत, रतनलाल, हरप्रसाद, मुकेश शर्मा, रामकिशोर अग्रवाल, दर्शन, विकास बड़ेसरा, रोनी बाजवा, वासुदेव सिंघल, नवीन, विकास कटारिया, नरेश तायल, संजय जाबर, विष्णु ढहनवाल, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

राम जन्म की लीला ने किया भावविभोर



नारनौल। श्री दुर्गा रामलीला सेवा समिति निवाजनगर में दूसरे दिन की भगवान राम व ताड़का वध की लीला का मंचन किया। लीला का शुभारंभ सैनी सभा के प्रधान हरीश सैनी ने किया। प्रधान कुलदीप सैनी ने बताया कि मंच का संचालन जयसिंह सैनी ने किया। इसमें दशरथ का रोल किशनलाल जोशी, वशिष्ठ का वीरेंद्र शर्मा, विश्वामित्र का राजकुमार गोड़वाल, राम का योगेश, लक्ष्मण का रवि, शान्तनु का संजय जोशी, ज्ञानवती का पवन कुमार, सरवन का संजय सोनी, मारीच का जीतू सैनी, सुबाहु का ईश्वर स्वामी ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान मदनलाल वर्मा, प्रवीण सेन, मोहनलाल सोनी, ईश्वर सैनी, सुरेंद्र जोशी, विनोद वर्मा, कृष्ण सैनी आदि मौजूद रहे।

भोजावास में रामलीला का शुभारंभ



नारनौल। भोजावास गांव में रामलीला का मंचन श्रद्धा, उल्लास और पूरी सांस्कृतिक भव्यता के साथ शुरू हुआ। प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल एडवोकेट ने रिबन काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। ग्रामीण कलाकारों ने भव्य, शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को भाव विभोर और मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम दिन इन्द्र दरबार और नारद मोह की लीलाओं का प्रभावशाली मंचन किया गया। भव्य इन्द्र दरबार में इन्द्र महाराज के सम्मुख नारद का अंहकारपूर्ण आचरण का प्रसंग तथा शीलनिधि राजा के दरबार में नारद का बंदर मुख के रूप में उपस्थित होना देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई।

मां शैलपुत्री का हुआ जागरण

नारनौल। नवरात्र के उपलक्ष्य में रविवार की रात टाइगर क्लब के तत्वावधान में मां दुर्गा के पहले नवरात्र पर मां शैलपुत्री का जागरण हुआ। इस अवसर पर प्रधान राकेश यादव, सह संयोजक मनीष गोगिया ने बताया कि पुरानी कचहरी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ महोत्सव पुरोहित नारायण शास्त्री व गगन भरद्वाज ने विधिविधान पूर्वक मंत्रोच्चार द्वारा कलश यजमान पवन यादव व उनकी पत्नी मुकेश यादव ने मां शैलपुत्री की ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद श्याम म्यूजिकल ग्रुप के साथ परमानन्द वर्मा ने गणेश वंदना कर मां के भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। घनश्याम सोनी ने भावमयी भजन, माता रानी पर भजन, भोलेनाथ पर भजन, श्याम बाबा पर भजन सुनाकर समां बांधते हुए श्रद्धालुओं को झूमने को मजबूर कर दिया। नरेंद्र बंशी ने मां अन्नपुर्णा का भजन सुना कर सब भक्तजनों का मन मोह लिया। भूपेश तिलक धारी आर्ट ग्रुप की ओर से मसानी माता, राधा कृष्ण, बाहुबली गणेश, बाहुबली हनुमान, काली माता की झांकियां प्रस्तुत की।

श्रवण की लीला का हुआ मंचन



महेंद्रगढ़। श्री रामलीला परिषद के शक्तिपीठ रंगमंच पर रामलीला की तृतीय रात्रि में मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार की लीला का मंचन हुआ। लीला के मुख्यातिथि बीआर इंस्टिट्यूट सेहलंग चेयरमैन हरीश भारद्वाज रहे। जैसे ही परिषद का पर्दा उठा, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार के अपने बूढ़े अंधे माता-पिता की सेवा के दृश्य ने पूरे पंडाल को भावविभोर कर दिया। काठ की कांवड़ में माता-पिता को बैठाकर तीर्थ यात्रा पर निकले श्रवण कुमार की सेवा और समर्पण ने दर्शकों को भावनाओं से जोड़ दिया। श्रवण की भूमिका निभा रहे बाल कलाकार ने अभिनय के साथ मधुर स्वर में गीत प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। लीला में करुण मोड़ तब आया जब सरयू तट पर पानी भरने पहुंचे श्रवण कुमार को राजा दशरथ ने शब्दभेदी बाण से अनजाने में घायल कर दिया। अंतिम सांसों में भी माता-पिता की चिंता करते श्रवण का अभिनय देखकर रामलीला प्रांगण में सन्नाटा छा गया।

माता भूरा भवानी मंदिर में हुई पूजा

महेंद्रगढ़। नवरात्रि के दूसरे दिन माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर महंत शक्तिनाथ महाराज और पुजारी सांवरमल शर्मा ने बताया कि नवरात्र के दूसरे दिन देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की जाती है। इनको ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। कठोर साधना करने की वजह से और ब्रह्म में लीन रहने की वजह से इनको ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। नवरात्र के दूसरे दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। मां ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया।

मां चामुंडा देवी का भव्य श्रृंगार, उमड़े श्रद्धालु



नारनौल। नवरात्रों के पावन अवसर पर शहर के ऐतिहासिक मां चामुंडा देवी मंदिर में दूसरे नवरात्रे पर मां चामुंडा देवी का मां ब्रह्मचारिणी के रूप में भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने मां के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी सत्यनारायण पांडे की ओर से दूसरे नवरात्रे पर विधि-विधान के साथ मां चामुंडा देवी का पूजन कराया गया। इस दौरान माता का विशेष श्रृंगार कर उन्हें आकर्षक रूप से सजाया गया। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में मां के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा। पुजारी सत्यनारायण पांडे ने बताया कि नवरात्रों में मां के दर्शन और पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालु इन दिनों माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। दूसरे नवरात्रे पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भक्तों ने मां चामुंडा देवी के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर जय माता दी के जयकारे लगाए।

शारीरिक व मानसिक सेहत का गहरा संबंध



नारनौल। राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को यूथ रेडक्रॉस व राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार के दिशानिर्देश में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में किया गया। यूथ रेडक्रॉस व रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के इस विशेष कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ. राहुल गुप्ता, डॉ. रवि कुमार व एक विशेषज्ञ चिकित्सा टीम महाविद्यालय पहुंची। इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मनोचिकित्सक डॉ. राहुल गुप्ता व डॉ. रवि कुमार ने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य दोनों एक-दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं और एक का असर सीधे दूसरे पर पड़ता है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और इस विषय पर समाज में खुलकर संवाद करनेपर बल दिया।

खबर संक्षेप

विद्या भारती स्कूल में की मां दुर्गा की आराधना

नारनौल। विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के किड्स ब्लॉक में नवरात्रि स्थापना के पावन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां नैना देवी, मां चामुंडा और मां ज्वाला देवी सहित देवी के विभिन्न स्वरूपों का सुंदर रूप प्रस्तुत किया।संस्था के एडवोकेट चेयरमैन राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्कूल में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

नारनौल। शिक्षाविद स्व. इंद्रलाल शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रतिभा प्रोत्साहन की श्रृंखला में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में सम्मान समारोह हुआ। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12वीं कक्षा के पीयूष व विवेक और 10वीं कक्षा के जागृत व यश कुमार को प्रोत्साहन राशि व सम्मानपत्र से सम्मानित किया गया।

पर्यावरणविद रूपराम यादव ने बताया कि अध्यापन क्षेत्र में स्व इंद्रलाल के योगदान व स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए उनके परिजनों द्वारा इंद्रलाल शर्मा स्मृति प्रतिभा सम्मान की शुरुआत गई है जिसके अंतर्गत हर वर्ष प्रतिभाओं को सम्मान पत्र व प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा।

झाड़ली में टीबी स्क्रीनिंग कैंप लगाया

महेंद्रगढ़। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग नारनौल की मोबाइल टीम द्वारा सोमवार को गांव झाड़ली के आंगनबाड़ी केंद्र में टीबी स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। इस दौरान कुल 67 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें टीबी के लक्षण पाए गए, उनके 30 मरीजों का मौके पर ही एक्स-रे करवाया गया।



नारनौल। भ्रमण करते एमआर स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एमआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

नारनौल। एमआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह शैक्षणिक दौरा आठ से 12 अक्टूबर तक राजस्थान की प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी जैसलमेर में आयोजित किया गया था। इस शैक्षणिक भ्रमण में संस्थान के कुल 270 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनके मार्गदर्शन और सुरक्षा के लिए 30 अध्यापकों एवं प्रशासनिक स्टाफ का दल भी साथ मौजूद रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को जैसलमेर के प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहरों जैसलमेर दुर्ग (सोनार किला), पटवों की हवेली, गडीसर झील और रहस्यमयी कुलधरा गांव का भ्रमण कराया। चेयरमैन सियाराम ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देने के साथ-साथ उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और नई संस्कृतियों को समझने का दृष्टिकोण विकसित करते हैं। प्राचार्या अनीता यादव ने शैक्षणिक दौरे के सफल आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ इस प्रकार की व्यावहारिक यात्राएं विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

एसडी स्कूल के 7 विद्यार्थियों ने एनडीए परीक्षा की उत्तीर्ण

कनीना।एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला के सात विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन का शानदार परिचय दिया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार व अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में सभी मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय के चेयरमैन एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदेव यादव ने पारितोषिक वितरित कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में ध्रुव पुत्र राजेश कुमार बहादुरगढ़, अर्णव कसाना पुत्र सोनवीर सिंह नोएडा, सौरव नांगल पुत्र राकेश कुमार भिवानी, प्रतिभा पुत्री धर्मेंद्र लिसान, कार्तिक कुमार पुत्र प्रेमपाल शामली, यूपी, दिशांत मित्तल पुत्र नरेंद्र कनीना व अंकित कुमार पुत्र मोतीलाल यूपी शामिल हैं। एनडीए विभागाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि विद्यालय में प्रतियोगी लिखित परीक्षा के साथ-साथ आगामी चयन प्रक्रिया यानी एसएसबी की तैयारी भी व्यवस्थित रूप से करवाई जाती है। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक ओमप्रकाश, सीईओ आरएस यादव, उपनिदेशक पूर्णसिंह, प्राचार्य अरविंद कुमार तोमर आदि उपस्थित थे।





महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

देवयानी में दीया कुमारी व विशु यादव का सम्मान

महेंद्रगढ़। देवयानी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों दीया कुमारी और विशु यादव का राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की अधिकारी चयन प्रक्रिया के अगले चरण सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड के लिए चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी की लहर है। कि इन विद्यार्थीयो ने पूरे भारत वर्ष में टॉप 500 लड़कियों ने अपनी जगह बनाई। दीया कुमारी और विशु यादव की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल माता पिता और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी बनकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया है। प्रधानाचार्य बलवान सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संदीप मालड़ा ने की केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से भेंट

महेंद्रगढ़। भाजपा के जिला मंत्री एवं किसान मोर्चा प्रभारी संदीप मालड़ा ने दिल्ली निवास पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत से मुलाकात की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए संदीप मालड़ा ने बताया कि दिल्ली स्थित निवास पर केन्द्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राव इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर एम्स रेवाड़ी में ओपीडी एवं मेडीकल की पढ़ाई की कक्षाएं शुरू करवाने पर उनका आभार व्यक्त किया। एम्स रेवाड़ी जैसा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट इलाके को देकर राव इंद्रजीत ने इस इलाके को एक अभूतपूर्व सौगात दी है। एम्स की स्थापना के लिए राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों को इलाका सदा याद रखेगा। एम्स की स्थापना से ना सिर्फ पूरे हरियाणा को, बल्कि साथ लगते प्रदेश राजस्थान व उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों को लाभ मिलेगा। ये आने वाली पीढीयों के लिए तोहफा है, जिससे विशेष रूप से गरीब को बहुत लाभ मिलेगा।



दो दिन की छुट्टी के बाद 446 गेट पास कटे, समर्थन मूल्य से ऊपर पहुंचे भाव

अनाज मंडी में 12,450 क्विंटल बाजरे की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप स्थित अनाज मंडी में दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को बाजरे की खरीद दोबारा शुरू हुई। मंडी में 446 गेट पास काटे गए और करीब 12450 क्विंटल बाजरे की आवक हुई। निजी खरीद में बाजरे के भाव 2350 से 2412 रुपये प्रति क्विंटल तक रहे। इस तरह किसानों को सरकार के 2300 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक भाव मिल रहे हैं। इसके अलावा पात्र किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत 600 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ भी मिलना है। सोमवार को अब्बदुल्ला नगर, अकबरपुर रामू, अमरपुर जोरासी, आजम नगर, बड़गांव, बदोपुर, बलाहां कलां, बलाहा खुर्द और बापड़ोली सहित निर्धारित गांवों के किसानों का बाजरा खरीदा गया। बंपर आवक के च गत शुक्रवार को मंडी में बाजरे की बंपर आवक के कारण व्यवस्था बिगड़ गई थी। इसके बाद प्रशासन ने गांववार रोस्टर के अनुसार खरीद करवाने का निर्णय लिया है। मार्केट कमेटी की सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी नुकुल यादव ने बताया कि खरीद में शामिल होने के लिए किसानों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण और ई-खरीद पोर्टल पर फसल का सत्यापन जरूरी है।

सत्यापन में हुई गड़बड़ियों को ठीक करने की मांग

नारनौल। बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल एडवोकेट ने हरियाणा के कृषि मंत्री श्यामसिंह राणा को ज्ञापन भेजकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर बाजरा फसल मिसमैच डेटा के सत्यापन में हुई गड़बड़ियों को ठीक करने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार, 13 अक्टूबर को बड़कोदा, बांस किरारोद, उमराबाद, बसीरपुर, भांखरी, भूषण कलां, भूषण खुर्द, चिड़ालिया, डेरोली अहीर और दनचोली के किसानों का बाजरा खरीदा जाएगा।

उदय नर्सिंग कॉलेज में निकाली रैली



महेंद्रगढ़। दादरी-महेंद्रगढ़ पाली रोड स्थित उदय नर्सिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के विद्यार्थियों ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली। रैली तुलाराम चौक से होते हुए नागरिक अस्पताल पहुंची, जहां विद्यार्थियों ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. जय प्रकाश तथा मनोचिकित्सक डॉ. शुभम बत्रा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने इस वर्ष की थीम लाइव एक्सपीरियंसः हर्ड, रियल वॉइस, रियल चेंजह्ल के संदेश को भी प्रस्तुत किया। इसके तहत मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अनुभवों को सुनने और लोगों की वास्तविक समस्याओं को समझने पर जोर दिया गया। इस संस्था के डायरेक्टर पंकज तवर, सुरेश कुमार, मोनिका, नेहा, रितु एसएमएस स्टाफ विद्यार्थी उपस्थित थे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पौधरोपण यह हर नागरिक की जिम्मेदारी

कार्यालय : मुख्याध्यापक
राजकीय माध्यमिक विद्यालय
बास सतनाली (महेन्द्रगढ़)
नीलामी सूचना
राजकीय माध्यमिक विद्यालय बास सतनाली, महेन्द्रगढ़ के प्रांगण में दिनांक 21-10-2026 को प्रातः 10:00 बजे जर्जर कमरों को हटाने व उसके सामान की खुली बोली लगाई जाएगी। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। स्कूल की SMC का निर्णय अंतिम होगा।
हस्ता/-
अध्यक्ष/सचिव
स्कूल प्रबंधक समिति
राजकीय माध्यमिक विद्यालय
बास सतनाली
मो नं.- 9416524190

नारनौल से गुजरने वाली 3 एक्सप्रेस ट्रेनों का रूट डायवर्ट यात्रियों को होगी परेशानी

लोहारू में आरयूबी कार्य से नारनौल रूट की ट्रेनें प्रभावित, 14 अक्टूबर को कई गाड़ियों का बदलेगा रूट

हरिभूमि न्यूज नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के लोहारू-रतनगढ़ रेलखंड के समपार फाटक संख्या 124 पर आरओबी निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके चलते 14 अक्टूबर को इस रेलखंड से गुजरने वाली कई रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए प्रभावित ट्रेनों की सूची जारी की गई है। इनमें कुछ ट्रेनों को प्रारंभिक स्टेशन से ही रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार आरओबी निर्माण कार्य के कारण रेवाड़ी-बीकानेर और बीकानेर-रेवाड़ी ट्रेन संख्या 54789 और 54790 का संचालन 14 अक्टूबर को रद्द रहेगा।



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो: हरिभूमि

छह ट्रेनों का बदला रहेगा मार्ग

ब्लॉक के कारण कई लंबी दूरी की ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। ट्रेन संख्या 54310 हिसार-दिल्ली 14 अक्टूबर को हिसार से भिवानी-रेवाड़ी होकर दिल्ली जाएगी। परिवर्तित मार्ग पर यह ट्रेन हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, झाड़ली और कोसली स्टेशनों पर ठहरेगी। वहीं ट्रेन संख्या 54309 दिल्ली-हिसार दिल्ली से रेवाड़ी-भिवानी-हिसार मार्ग से संचालित होगी तथा कोसली, झाड़ली, चरखी दादरी, भिवानी और हांसी स्टेशनों पर ठहराव देगी। ट्रेन संख्या 14714 दिल्ली सराय-सीकर 14 अक्टूबर को रेवाड़ी-रींगस-सीकर होकर चलेगी। परिवर्तित मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना और रींगस स्टेशन शामिल रहेंगे। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 22421 दिल्ली सराय-जोधपुर रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना मार्ग से संचालित होगी और नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, कुचामन सिटी तथा मकराना स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन संख्या 14709 हनुमानगढ़-जयपुर भी 14 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग सादुलपुर-चूरू-सीकर से संचालित होगी। इस दौरान चूरू और फतेहपुर शेखावाटी स्टेशनों पर इसका ठहराव रहेगा। इसके अलावा ट्रेन संख्या 19807 कोटा-सिरसा 13 अक्टूबर को कोटा से परिवर्तित मार्ग सीकर-चूरू-सादुलपुर होकर संचालित होगी। यह ट्रेन लक्ष्मणगढ़ सीकर, फतेहपुर शेखावाटी, रामगढ़ शेखावाटी और चूरू स्टेशनों पर रुकेगी।

कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेंगी

सीकर-रेवाड़ी ट्रेन संख्या 54803 14 अक्टूबर को सीकर से लोहारू तक ही संचालित होगी। यानी लोहारू-रेवाड़ी के बीच इसका संचालन आंशिक रूप से रद्द रहेगा। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर भी 14 अक्टूबर को रेवाड़ी के स्थान पर लोहारू से संचालित होगी। इसके चलते रेवाड़ी-लोहारू के बीच यह ट्रेन आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

दिल्ली-बीकानेर ट्रेन एक घंटे देरी से चलेगी

रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 22472 दिल्ली सराय-बीकानेर 14 अक्टूबर को अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से दिल्ली सराय से रवाना होगी। वहीं ट्रेन संख्या 54703 बठिंडा-जयपुर 14 अक्टूबर को बठिंडा से रवाना होने के बाद मार्ग में करीब 30 मिनट रेगुलेट रहेगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि 14 अक्टूबर को यात्रा करने से पहले अपनी ट्रेन के संचालन, मार्ग और समय की स्थिति की जानकारी अवश्य जांच लें, ताकि अचानक होने वाली असुविधा से बचा जा सके।

कनीना: शिविर में 54 यूनिट रक्त एकत्रित

कनीना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिसर में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि रक्तदान अभियान के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला संयोजक राकेश शर्मा तथा महेंद्रगढ़ के जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव थे। नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व नगरपार्षदों की देखरेख में चले इस शिविर में 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। दिलचस्प बात है कि वार्ड पांच निवासी एक दंपति मनोज कुमार व ज्योति देवी ने रक्तदान कर मिशाल कायम की। शिविर में उप नागरिक अस्पताल के चिकित्सक हेमंत के अलावा नरेंद्र कुमार, उषा देवी, सोनू,सुदेश, अंजू, अदीति, राजेश व दीपक की टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर नपा उपप्रधान सुबेसिंह, पार्षद राजकुमार यादव, होशियार सिंह, सवाई सिंह, जेपी लोढ़ा, पंकज यादव आदि उपस्थित थे।

नगर पालिका ने जारी किया वर्क ऑर्डर

महेंद्रगढ़ शहर में 48 लाख से लगेंगी 600 नई स्ट्रीट लाइटें

पहले मुख्य मार्गों पर लगेंगी लाइटें

विकास गोडवाल ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में रात के समय रोशनी की व्यवस्था बेहतर बनाने और नागरिकों को अंधेरे से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका की ओर से महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महेंद्रगढ़ शहर में 48 लाख रुपये की लागत से 600 नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए नगर पालिका ने वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। योजना के तहत पहले चरण में शहर के मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इसके बाद दूसरे चरण में शहर के सभी 15 वार्डों की गलियों में लाइटें लगाने का काम किया जाएगा। इस योजना के पूरा होने से शहर की प्रमुख सड़कों और वार्डों की गलियों में रोशनी की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। नगर पालिका की इस योजना का उद्देश्य शहर के अंधेरे वाले स्थानों पर रोशनी उपलब्ध करवाना है, ताकि लोगों को रात के समय आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। शहर के कई मार्गों और गलियों में पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी होती है। विशेषकर शाम और रात के समय पैदल चलने वाले लोगों, दोपहिया वाहन चालकों और अन्य राहगीरों को अंधेरे में आवाजाही करनी पड़ती है। ऐसे में स्ट्रीट लाइट लगने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। शहर में स्ट्रीट लाइट की बेहतर व्यवस्था केवल आवागमन को सुविधाजनक बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे रात के समय सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही को भी सहूलियत मिल सकती है। पर्याप्त रोशनी होने से सड़क पर चलने वाले लोगों को आसपास की स्थिति देखने में आसानी होती है। महेंद्रगढ़ में स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना को शहर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्य मार्गों से शुरुआत करके 15 वार्डों की गलियों तक लाइटें लगाने की योजना का लाभ शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिल सकता है। हालांकि, योजना का वास्तविक लाभ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि लाइटें निर्धारित स्थानों पर लगाई जाएं और स्थापना के बाद उनका नियमित रखरखाव किया जाए। खराब होने वाली लाइटों को समय पर ठीक करने की व्यवस्था रहने से शहर में लंबे समय तक बेहतर रोशनी सुनिश्चित की जा सकती है। फिलहाल, 48 लाख रुपये की लागत वाली इस योजना के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद शहरवासियों को काम शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में मुख्य मार्गों और दूसरे चरण में 15 वार्डों की गलियों में स्ट्रीट लाइटें लगाने से महेंद्रगढ़ शहर की रात की तस्वीर बदलने और नागरिकों को अंधेरे से राहत मिलने की संभावना है।

कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा

नगर पालिका की योजना के अनुसार, स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। पहले चरण में शहर के मुख्य मार्गों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन मार्गों पर लाइट लगाने से रात के समय आवागमन करने वाले लोगों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। मुख्य मार्गों पर पर्याप्त रोशनी होने से वाहन चालकों को सड़क देखने में आसानी होगी और पैदल चलने वाले लोगों को भी राहत मिलेगी। मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था होने से शहर की रात की तस्वीर भी बदल सकती है। बाजारों और प्रमुख रास्तों से गुजरने वाले लोगों को अंधेरे के कारण होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की संभावना है। इसके साथ ही शहर में आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाने में भी यह योजना सहायक साबित हो सकती है।

दूसरे चरण में 15 वार्डों की गलियों में होगा काम

योजना के दूसरे चरण में नगर पालिका की ओर से शहर के 15 वार्डों की गलियों में स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था की जाएगी। इसका उद्देश्य मुख्य मार्गों के साथ-साथ शहर के अंदरूनी हिस्सों में भी रोशनी पहुंचाना है। वार्डों की गलियों में पर्याप्त रोशनी होने से स्थानीय निवासियों को रात के समय आने-जाने में सुविधा मिलेगी। शहर की अंदरूनी गलियों में रहने वाले लोगों को अक्सर रात के समय अंधेरे की समस्या का सामना करना पड़ता है। गलियों में रोशनी की कमी के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से परेशानी हो सकती है। ऐसे में दूसरे चरण में सभी 15 वार्डों की गलियों को इस योजना में शामिल करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे शहर के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

मिलेगा लाभ

शहर को जगमग करने के उद्देश्य से 48 लाख रुपये की लागत से 600 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। नगर पालिका ने वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है।
-रमेश सैनी प्रधान नगर पालिका, महेंद्रगढ़।

अटेली के ग्रामीण चौकीदारों ने अकाउंटेंट पर लगाए दुर्व्यवहार के आरोप

मंडी अटेली। ग्रामीण चौकीदार संगठन हरियाणा खण्ड अटेली ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन उनके निजी सचिव विकास यादव को सौंपा। इसके अलावा इसी संदर्भ में एक ज्ञापन खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय अटेली में भी दिया गया। ज्ञापन की अगुवाई खण्ड प्रधान मलखान सिंह द्वारा की गई। ज्ञापन के माध्यम से चौकीदारों ने बताया कि वे 24 घंटे मुस्तैदी से सरकार और प्रशासन के कार्यों में लगे रहते हैं। इसके बावजूद बीडीपीओ कार्यालय अटेली में कार्यरत अकाउंटेंट अशोक कुमार द्वारा उनके साथ अभद्र भाषा व गाली-गलौज की जाती है। जब नवनियुक्त ग्रामीण चौकीदार अपने वेतन के बारे में पूछताछ करते हैं तो अकाउंटेंट उनके साथ दुर्व्यवहार कर उन्हें कार्यालय से बाहर जाने और अंदर नहीं आने की धमकी देता है।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

- जेएनयू प्रकरण से जुड़े सांसद को कांग्रेस से बाहर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को महावीर चौक पर जेएनयू प्रकरण को लेकर रोष प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव की अध्यक्षता में हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा ने किया। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जेएनयू के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के खिलाफ रोष जताया गया। वहीं कांग्रेस पार्टी से इस जेएनयू प्रकरण में शामिल आरोपित सांसद को नोटिस देकर पार्टी से बाहर करने की मांग उठाई। पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने कहा कि मई 2026 में 11 छात्राओं ने मौखिक परीक्षा के दौरान अश्लील सवाल पूछने, आपत्तिजनक टिप्पणियां करने, बिना सहमति छूने और यौन पक्ष/फेवर के बदले अतिरिक्त अंक देने के गंभीर आरोप लगाए थे।



नारनौल। महावीर चौक पर प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

ये लोग मौजूद रहे

इस रोष प्रदर्शन में इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, जिला महामंत्री किशन बोहरा पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत कलवाड़ी, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मी सैनी, जोगेंद्र राजपूत, शिवरतन, जिला मंत्री सपना गुप्ता, अर्चना ठाकुर, जिला प्रवक्ता सरला यादव, दीपिका, सरोज बाला, मंजू सोनी, सरिता जांगिड़, नेहा, सरोज कश्यप, रिया चौहान, रितु शर्मा, अनीता, अरुणा कौशिक, पूजा, हेमलता, प्रेम, नीलम, संजय सैनी, राजू शर्मा, जगदीश दीवान, भूषण मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भवानी सिंह राजपूत, सुरेश पटीकरा, नरेंद्र झिमारिया, ओमप्रकाश वाधवा, माडुराम सैनी, डॉ. अनिल सैनी, संजय अमन, सुशील चौटाला उपस्थित रहे।

युवाओं की आवाज को कुचलने में सत्ता का इस्तेमाल कर रही भाजपा: दुष्यंत चौटाला

नांगल चौधरी। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार पर युवाओं, किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों की अनदेखी करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि युवाओं की मांगें सुनने के बजाय कार्रवाई करना उचित नहीं है। सरकार को संवाद से समस्याओं का समाधान करना चाहिए।उन्होंने बुजुर्गों और विधवा महिलाओं की पेंशन काटने, सरपंचों के अधिकार सीमित करने और मनरेगा में आ रही परेशानियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने एमएसपी पर फसल बेचने में किसानों को हो रही दिक्कतों का समाधान करने की मांग की। इस दौरान धौलेड़ा निवासी राजकुमार समर्थकों सहित जेजेपी में शामिल हुए। इस दौरान जिला प्रधान राजकुमार, हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर, प्रभारी विनोद भील, पूर्व हलका प्रधान हजारीलाल लंबोरा, एडवोकेट अजय चौधरी, चैनसुख तोताहेड़ी, लाखा गुर्जर, जिले सिंह मौजूद रहे।



जोगी समाज छात्रावास निर्माण को दिए 5 लाख

नारनौल। जोगी नाथ समाज के छात्रावास निर्माण के लिए कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा की ओर से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने पर जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन ने आभार व्यक्त किया। संगठन के प्रधान प्यारेलाल के नेतृत्व में सदस्यों ने विधायक ओमप्रकाश यादव से मुलाकात कर धन्यवाद किया। इस अवसर पर सदस्यों ने बुके भेंट कर खुशी जाहिर की। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि छात्रावास निर्माण के लिए मिला यह सहयोग समाज के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होगा। मंत्री रणवीर गंगवा का विशेष आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाज के विकास व शिक्षा से जुड़े कार्यों में सहयोग की उम्मीद जताई। इस मौके पर संगठन सचिव मास्टर संजय योगी, उपप्रधान जितेंद्र योगी, कृष्ण योगी भूषण, ओमप्रकाश गुलावला, सहदेव योगी आदि उपस्थित रहे।

नागरिक अस्पताल में परिवार नियोजन कैंप

महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश के मार्गदर्शन में परिवार नियोजन कैंप लगाया गया। पीपीसी इंचार्ज रणसिंह मालडा ने बताया कि परिवार नियोजन कैंप में तीन महिलाएं नसबंदी के लिए आई थी, जिनकों महिला डॉक्टर मोनिका ने जांच के उपरान्त सर्जन डॉक्टर कवर सिंह चौहान एवं महिला विशेषज्ञ डॉक्टर मोनू यादव ने तीन महिलाओं की नसबंदी की। कैंप में आए तीनों केस आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुचोली में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी मुकेश चौहान व सोनू ने मोटिवेशन किए थे। इस कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन करने में नर्सिंग ऑफिसर ममता, सीता, अजित, लैब तकनीशियन ऑफिसर संजय सैनी, दुलीचंद, विकास, संदेश सैनी, अनिल, कुलदीप शर्मा, प्रदीप सैनी, ओटीए ईश्वर, पवन, अनिल, जितेन्द्र, पूनम, वंदना, मोनिका आदि ने सहयोग किया। 33 महेंद्रगढ़। कैंप में मौजूद महिलाएं।

टॉपर छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राता में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में गांव निवासी कर्नल मनोज यादव ने कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 11-11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस पहल की विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों और गांव के गणमान्य लोगों ने सराहना की है। विद्यालय के प्राचार्य सोमदत्त शर्मा ने बताया कि कक्षा 12वीं में हिमांशी और कक्षा 10वीं में यशोदा विद्यालय की टॉपर रही हैं। दोनों छात्राओं को कर्नल मनोज यादव की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह का मंच संचालन महेंद्र मेहरा ने किया।

इससे समाज और राष्ट्र की प्रगति को गति मिलेगी

इससे समाज और राष्ट्र की प्रगति को गति मिलेगी। सरपंच प्रतिनिधि बेदू राता ने कहा कि कर्नल मनोज यादव ने सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर उनका हौसला बढ़ाया है। वहीं बिरेंद्र राव ने कहा कि कर्नल मनोज यादव का इसी मिट्टी में जन्म लेना और अपने गांव के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करना गांव के प्रति उनके प्रेम को दर्शाता है।

समारोह को संबोधित करते हुए कर्नल मनोज यादव ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं। इन्हीं में से आगे चलकर राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी और सेना के अधिकारी बनेंगे।

दैनिक रेलयात्री महासंघ ने बीकानेर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

महेंद्रगढ़। दैनिक रेलयात्री महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को बीकानेर डीआरएम गौर गोविल को एक लिखित ज्ञापन सौपा। बीकानेर के डीआरएम दोपहर के समय महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर नई ट्रेनों का ठहराव, विस्तार, फेरे बढ़ाने व ट्रेनों का समय परिवर्तन करने की मांगों को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौपा। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन प्रदेश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक है। लेकिन वर्तमान में अमृत रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का कार्य जोरों पर है।



अनाज मंडी में किसानों के दांतों की जांच

मंडी अटेली। अटेली की नई अनाज मंडी में सोमवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत किसानों के लिए निःशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के दिशा-निर्देश पर आयोजित शिविर में फसल बेचने पहुंचे किसानों के दांतों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव ने रिबन काटकर किया। शिविर में एसजीटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम की टीम ने किसानों को दंत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवाई। टीम ने अस्पताल की विशेष बस में किसानों के दांतों की सफाई की और उनकी जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। मंडी में बाजरा व अन्य फसलों की बिक्री के लिए पहुंचे किसानों ने शिविर में भाग लेकर इस सुविधा का लाभ उठाया।

जिला स्तरीय युवा पंचायत प्रतियोगिता का आगाज

नारनौल। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला स्तरीय युवा पंचायत प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास से हुआ। राजनीति विज्ञान की प्रवक्ता सुनीता यादव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट प्रवक्ता डॉ. राकेश यादव व विद्यालय प्राचार्य डॉ. सतबीर इंदौरा ने किया। प्रतियोगिता के संचालन व मूल्यांकन प्रक्रिया की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक के रूप में डाइट प्रवक्ता डॉ. राकेश यादव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर के प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा, डाइट से डॉ. नरेश कुमार, डॉ. किरण यादव, प्रवक्ता जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।





बीआर ज्ञानदीप स्कूल के 5 छात्रों का एनडीए में चयन

महेंद्रगढ़। बीआर ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुरजनवास के विद्यार्थी जितेश पुत्र अनूप कुमार का राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि एनडीए में चयन गौरव की बात है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और मेहनत करने की प्रेरणा देगी। प्राचार्य रामवीर यादव ने कहा कि सही दिशा, सकारात्मक वातावरण और निरंतर परिश्रम से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को उपलब्धियों में बदल सकते हैं। निदेशक राजकुमार यादव ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

एसपीजी आईएएस स्कूल में रिजल्ट डिक्लेरेशन कार्यक्रम

महेंद्रगढ़। डुलाना-चीतलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में शिक्षक अभिभावक बैठक हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भाग लिया तथा शिक्षकों के साथ बच्चों के परीक्षा परिणाम, शैक्षणिक प्रदर्शन और सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उनकी क्षमताओं तथा सुधार की आवश्यकता वाले विषयों के बारे में जानकारी देने पर जोर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय को आवश्यक बताया। प्रिंसिपल सरोज यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय और अभिभावकों की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। परीक्षा परिणाम केवल अंकों का मूल्यांकन नहीं, बल्कि मेहनत, सीखने की क्षमता और आगे बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा तय करते हैं।



अतिथि अध्यापकों पर बलप्रयोग निंदनीय: महेश

नारनौल। डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन के राज्य सचिव महेश यादव ने कहा कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि अध्यापक हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में वर्षों से बड़ी ही निष्ठा व कर्मठता से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राज्य सरकार इन अध्यापकों के प्रति दमनकारी नीति अपना रही है। पहले तो इन अध्यापकों से लगभग 20 वर्ष आधे से भी कम वेतन पर काम लेते रहे और जब इन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार से बातचीत की, तो सरकार ने कोर्ट का हवाला देकर इनकी भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाए, लेकिन उक्त अध्यापक भर्ती के समय अपने पदों के लिए पूरी शैक्षणिक योग्यता रखते थे। इसलिए इन्होंने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरुण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005

गांव धामलावास की रहने वाली डा. सुधा को मोदी के विशेष आग्रह पर महेंद्रगढ़ से टिकट थमाई थी

इससे पूर्व बेटे सिद्धार्थ यादव को मिल चुकी संगठन में बड़ी जिम्मेदारी

डा. सुधा यादव को मिला समर्पण का इनाम भाजपा ने बनाया कर्नाटक का राज्यपाल

- कारगिल शहीद की पत्नी ने 1999 में राव इंद्रजीत सिंह को हराकर संसद में किया था पदार्पण

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

कारगिल युद्ध में पति डिप्टी कमांडेंट सुखबीर सिंह की शहादत के बाद वर्ष 1999 के लोकसभा चुनावों में महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से अहीरवाल के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह को लगभग 1.39 लाख मतों से हराकर राजनीति के मैदान और देश की संसद में पहुंचने वाली डा. सुधा यादव को भाजपा ने एक बार फिर संगठन के प्रति समर्पण का ईनाम दिया है। हाल ही में बेटे सिद्धार्थ यादव को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद अब डा. सुधा यादव को कर्नाटक के राज्यपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मूल रूप से जिले के गांव धामलावास की रहने वाली डा. सुधा यादव को तत्कालीन भाजपा प्रभारी रहे नरेंद्र मोदी के विशेष आग्रह पर राजनीति के मैदान में उतारते हुए महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से टिकट थमाई थी। अहीरवाल की राजनीति में एकछत्र राज कायम रखने वाले राव इंद्रजीत ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था। टिकट मिलने के बाद समूचे अहीरवाल क्षेत्र में उन्हें कमजोर प्रत्याशी मानते हुए राव की जीत को 'थाली में परोसी' मान लिया था। पहले ही चुनाव में डा. सुधा यादव ने राव को बड़ा झटका देते हुए देश की संसद में पदार्पण किया था। उसके बाद डा. सुधा यादव ने एक के बाद एक दो बार लोकसभा चुनाव लड़े और दोनों बार वह हार गईं। पहले चुनाव में ही शिकस्त मिलने के बाद राव का डा. सुधा यादव के साथ राजनीतिक रूप से छत्तीस का आंकड़ा बन गया था, जो आज तक बरकरार है।



2015 में ओबीसी मोर्चा का राष्ट्रीय प्रभारी बनीं

इस वरिष्ठ भाजपा नेत्री का संगठन के प्रति समर्पण कभी कम नहीं हुआ। यही कारण रहा कि उन्हें 3 जुलाई 2015 को भाजपा ओबीसी मोर्चा का राष्ट्रीय प्रभारी बनाया गया। इसके बाद 17 अगस्त 2022 को लोकसभा चुनावों से पहले उन्हें भाजपा संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया। उन्हें संसदीय समिति का सदस्य भी बनाया गया था। अब उन्हें पार्टी के प्रति समर्पण का ईनाम देकर कर्नाटक का राज्यपाल बनाया गया है, जिससे समूचे अहीरवाल क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बेटे को मीडिया सह प्रभारी का जिम्मा



पीएम मोदी की टीम में डा. सुधा यादव के बेटे सिद्धार्थ यादव को मीडिया सह प्रभारी का जिम्मा हाल ही में दिया गया है। अहीरवाल भाजपा में सिद्धार्थ यादव को यह पद मिलने के बाद एक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि वह साफ कर चुके हैं कि उनका मकसद किसी की लाइन काटना नहीं, बल्कि अपनी लाइन लंबी खींचना है।